बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
(सामान्य प्रशासन विभाग)

आई.टी. प्रबंधक के पद पर संविदा के आधार पर नियोजनार्थ पैनल निर्माण हेतु आवश्यक सूचना

सचिवालय के विभिन्न विभागों, जिलों एवं कार्यालयों में आवश्यकता आधारित रिक्त पदों पर **IT Manager** का संविदा के आधार पर नियोजनार्थ पैनल निर्माण किया जाना है, जिसके लिए भारतीय नागरिकों से ***Online*** आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, जिसकी संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है:-

1. **योग्यता** :-सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से
   I.T. / Computer Science /Computer Engineering में अभियंत्रण स्नातक की डिग्री।
2. **आयु सीमा** :-
   दिनांक 01.01.13 को 18 से 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
3. **मानदेय**:-
   नियोजित होने पर अभ्यर्थी को प्रतिमाह कुल ₹ 30000/- की एक मुश्त राशि दी जायेगी। इसके अतिरिक्त कोई भी राशि देय नहीं होगी।
4. **नियोजन अवधि** :-
   नियोजन होने पर इनकी कार्यावधि अस्थायी रूप से एक वर्ष के लिए होगी एवं आवश्यकतानुसार तथा सेवा संतुष्टि के आधार पर इसे बढ़ायी जा सकेगी।
5. **चयन का आधार** :-
   उच्चतर उपाधि एवं समान उपाधि होने पर उच्चतर प्राप्तांक के आधार पर नियोजन किया जायेगा। चयन आदर्श आरक्षण रोस्टर के अनुरूप होगा।
6. **आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया**:-
   आवेदन मिशन के वेबसाईट ***www.bpsm.bih.nic.in*** पर उपलब्ध है, जिसे ***Online*** भरा जाना है। आवेदक को आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना अद्यतन फोटो अपलोड करना होगा। आवेदन पत्र में वर्णित सभी कागजातों/दस्तावेजों की मूल प्रति काउन्सेलिंग के समय बुलाए जाने पर प्रस्तुत करना होगा।
7. आवेदन *Online* भरने की अंतिम तिथि **14.02.2013** के **अपराह्न 5:00** बजे तक निर्धारित है।
8. एक अभ्यर्थी अधिकतम एक हीं आवेदन दे सकते हैं। एक से ज्यादा आवेदन देने पर उनके नियोजन पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. मिशन सोसाइटी को अधिकार होगा कि बिना कोई कारण बताये चयन प्रक्रिया को किसी भी समय रद्द कर दे।

मिशन निदेशक
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
(सामान्य प्रशासन विभाग)